राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह

2019

Rashtriya Avishkar Saptah

2019

दिशानिर्देश

Guidelines

Rashtriya Avishkar Abhiyan

राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह
2019

Rashtriya Avishkar Saptah
2019

दिशानिर्देश
Guidelines

विद्या ऽमृतमश्नुते
एनसीईआरटी
NCERT
विज्ञान एवं गणित शिक्षा विभाग
Department of Education in Science and Mathematics
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली 110016
Sri Aurobindo Marg, New Delhi 110016

विषय वस्तु

परिचय	1
राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह – 2019 के संचालन के लिए समय	2
विद्यालय का चयन	2
वित्तपोषण	2
अकादमिक सहयोग	2
विद्यालय प्रबंधन	3
जल की जांच के लिए प्रक्रियाएं	5
1. जल के नमूने एकत्र करना	5
2. जल की फोमिंग क्षमता	8
3. जल की pH का परिक्षण	10
4. जल की सम्पूर्ण क्षारता का परिक्षण	10
5. जल में घुले हुए कुल ठोस पदार्थ	15
विस्तारित अधिगम	17
अध्ययन के परिणाम की रिपोर्टिंग	17
गूगल फॉर्म भरने के लिए प्रक्रिया	18

CONTENTS

Introduction 28
Dates for Conduct of Rashtriya Avishkar Saptah – 2019 29
Selection of School 29
Funding 29
Academic Support 29
School Management 29
Procedures for Testing of Water 32
1. Collection of Water Sample 32
2. Foaming Capacity of Water 32
3. Testing the pH of Water 35
4. Testing Total Alkalinity of Water 37
5. Total Dissolved Solids in water 41
Extend Learning 43
Reporting the Results of Study 44
Procedure for Filling Google Form 45

राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह 2019 के लिए दिशानिर्देश

परिचय

विज्ञान प्रोद्यौगिकी और नवाचार वेश्विक स्तर पर राष्ट्रीय विकास के प्रमुख संचालक के रूप में उभरे है। भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने विज्ञान और गणित के ज्ञानार्जन को आनन्दपूर्ण और सार्थक गतिविधि बनाने के लिए जिज्ञासा एवम सृजनात्म कता की भावना को पोषित करने के लिए और नवाचार एवं प्रोद्यौगिकी के उपयोग पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान (र.आ.आ.) की स्थापना की है।

स्कूली शिक्षा के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर योजनाबद्ध प्रयोग करना और विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी का उपयोग करते हुए महत्वपूर्ण स्थानीय परियोजनाओं पर कार्य करना पाठ्यक्रम के महत्वपूर्ण भाग है। स्कूल के विद्यार्थियों को अन्वेषण और नवाचार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें प्रयोग करने को उत्साहित करना अत्यन्त आवश्यक है।

भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के पी.ए.बी. कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई.आर.टी) के विज्ञान एवं गणित शिक्षा विभाग नई दिल्ली ने प्रस्ताव दिया है कि अक्टूबर माह के तीसरे हफ्ते में 14 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2019 (क्योंकि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जंयती दिवस अक्टूबर महीने में आती है) को राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह – 2019 घोषित किया जा सकता है। इस सप्ताह में देशभर के हर ब्लाक के कुछ स्कूलों के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर के सभी छात्र समान रूप से एन.सी.ई.आर.टी द्वारा विकसित दिशानिर्देशों का अनुसरण करते हुए कोई अध्ययन करेगें जिसमें प्रयोग निहित हो। ये प्रयोग स्कूल/ पाठशाला के समय में प्रयोगशाला में कार्य के लिए दिये गए कालांश (पीरियड) में किए जा सकते है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रयोग/ पर्यवेक्षण को करने के लिए उत्साह उत्पन्न करना है जिससे वह विज्ञान और गणित के प्रति प्रेरित हो सके। इसे प्राप्त करने के लिए एक तरीका यह हो सकता है कि विद्यार्थी आम मुद्दों और स्थानीय समस्याओं की समझ और संवेदनशीलता में भागीदार हो।

जल सभी जीवों का अस्तित्व बनाए रखने के लिए अति आवश्यक है। शुद्ध जल की पर्याप्त और सुलभ आपूर्ति सभी को उपलब्ध होनी चाहिए। शुद्ध पेयजल प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। इसलिए, शैक्षिक दृष्टिकोण से यह महत्वपूर्ण है कि छात्रों को कुछ परीक्षण प्रक्रियाओं से अवगत कराया जाए जिससे वे अपने क्षेत्र में सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता के बारे में जागरूक और सतर्क हो जाएँ। इसी बात को ध्यान में रखते हुए **"राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह – 2019"** मनाने के लिए **"जल संरक्षण एवं जल की गुणवत्ता का निर्धारण "** को एक विषय के रूप में प्रस्तावित किया गया है। यह हमारे देश में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता के बारे में जागरूकता की लहर फैलाने में सहायक हो सकता है। विज्ञान एवं गणित शिक्षा विभाग द्वारा विकसित दिशानिर्देशों में जल के नमूनों का परीक्षण करने के लिए 4 पेरामीटरो नामत: फोमिंग क्षमता, pH, जल की संपूर्ण क्षारीयता और जल में घुले हुए कुल ठोस पदार्थ की प्रक्रियाए दी गई है।

स्कूलों द्वारा किए गए अध्ययन के परिणाम गूगल फार्म के माध्यम से ऑनलाइन एकत्र किए जाएंगे। अध्ययन के परिणाम डी.ई.एस.एम द्वारा संकलन के पश्चात् विश्लेषण करके साझा किए जाएंगे।

राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह – 2019 के संचालन के लिए समय

राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह – 2019 देश के प्रत्येक ब्लाक से एक स्कूल में 14 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2019 के दौरान आयोजित किया जाना है। यद्यपि, असाधारण परिस्थितियों में, जैसे कि परीक्षाओं, छुट्टियों में राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह 2019 मनाने के लिए किसी अन्य सप्ताह का चयन कर सकते है (वरीयता अगले सप्ताह को दी जाए)।

स्कूल का चयन

राज्य/संघ शासित क्षेत्र को राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह 2019 मनाने के लिए प्रत्येक ब्लाक से 3-5 स्कूलों का चयन करना है जिसमें माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर की कक्षाएँ हो। यदि संभव हो तो 1-12 कक्षा वाले स्कूल चुने जा सकते हैं। स्कूल का चयन करते समय कुछ मानकों को ध्यान में रखना चाहिए। चयनित स्कूलों में विज्ञान/ रसायन की कार्यशील प्रयोगशालाएँ हो। यदि संभव हो तो सह-शिक्षा स्कूलों का चयन किया जाए। यदि संभव न हो तो यह सावधानी बरती जानी चाहिए कि राज्य/संघ शासित क्षेत्र के बालक एवं बालिकाओं के स्कूलों की लगभग समान संख्या चयनित हो। स्कूलों का चयन करते समय यह सुनिश्चित कर लें कि शहरी और ग्रामीण स्कूलों का बराबर प्रतिनिधित्व हो।

कुछ राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूल अलग-अलग है। ऐसी स्थिति में ब्लाक से एक माध्यमिक स्कूल और एक उच्च माध्यमिक स्कूल का चयन किया जा सकता है। यदि संभव हो तो राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह में यह दोनों स्कूल संयोजन में काम कर सकते हैं। विशेष परिस्थितियों में कुछ ऐसे संघ शासित क्षेत्र जहां ब्लाक नहीं बने है, प्रत्येक कलस्टर/ज़ोन से कुछ स्कूलों का चयन किया जा सकता है।

वित्तपोषण

जल संरक्षण एवं जल की गुणवत्ता का निर्धारण करने के लिए सुझाई गई प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक वस्तुएं किसी भी उच्च माध्यमिक विद्यालय की पूरी तरह कार्यशील विज्ञान/ रसायन शास्त्र प्रयोगशाला में उपलब्ध होती है। यद्यपि, यह सुझाव दिया जाता है कि राज्य/संघ शासित क्षेत्र राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह – 2019 के दौरान होने वाले जल परीक्षण अध्ययन के लिए कुछ आवश्यक वस्तुओं को खरीदने के लिए प्रति स्कूल ₹ 2000-3000 आवंटित कर सकते हैं। उन राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में जहां प्रत्येक ब्लाक से एक माध्यमिक और एक उच्च माध्यमिक स्कूल का चयन किया हो, प्रत्येक स्कूल को ₹ 2000- 3000 आवंटित कर सकता है। इस उद्देश्य के लिए राज्य/संघ शासित क्षेत्र पीएबी के तहत आवंटित अपने धन का उपयोग कर सकते है।

अकादमिक सहयोग

एस.सी.ई.आर.टी (SCERT) और डाइटस (DIETs) के संकाय सदस्य चयनित स्कूलों को अकादमिक सहायता दे सकते हैं। स्कूलों के नजदीक स्थित उच्च शिक्षा संस्थानों के संकाय सदस्य भी सम्मिलित हो सकते है। ब्लाक स्तर प्रशासक राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह-2019 में प्रयोगों के सुसाध्य संचालन के लिए स्कूलों का भ्रमण कर सकते हैं।

स्कूल प्रबंधन

स्कूल में कार्यक्रम आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण है।

सामूहिक कार्य : राष्ट्रीय आविष्कार अभियान सप्ताह में अध्ययन के सफल संचालन के लिए बीआरसी, सीआरसी, स्कूल के प्रमुख, शिक्षक, प्रयोगशाला परिचारक आदि सहित प्रत्येक की भागीदारी आवश्यक होती है। सामूहिक कार्य में समान लक्ष्य के लिए सभी सदस्यों की सामूहिक भागीदारी की आवश्यकता होती है। सामूहिक कार्य तभी संभव है जब सम्मिलित सहयोगी भली प्रकार से कार्य को सफल बनाने के लिए अपने दायित्वों के बारे में जानते हो। इसलिए सभी सदस्यों को उनकी जिम्मेदारी का कार्यभार पहले से ही वितरित कर दिया जाए। यह सुनिश्चित हो जाना चाहिए कि सभी सम्मिलित सदस्य अपनी जिम्मेदारी जानते हो।

उचित स्तर अनुसार विद्यार्थियों की भागीदारी : चयनित स्कूलों के नौंवी से बारहवीं कक्षा के सभी विद्यार्थी स्कूल की समय सारणी में विज्ञान/रसायन की प्रयोगशालाओं में कार्य करने के लिए दिये गये समय में प्रयोग करेंगे। विद्यार्थी स्थान की सुविधा और आधारभूत सुविधाओं के अनुसार तीन या अधिक के समूह में प्रयोग कर सकते है। यदि प्रयोगशाला में जगह की कमी हो तो प्रयोगशाला के बाहर बरामदा पर टेबल इत्यासदि की व्यीवस्थाल कर प्रयोग करा सकते हैं।

अध्ययन के लिए प्रयोग करने की प्रक्रिया : कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक है कि प्रयोगो का महत्व और उसको करने के लिए क्रियाविधि को अच्छी तरह समझ लिया जाए। इसके लिए शिक्षकों, स्कूल के प्रमुखों, शिक्षा प्रशासकों आदि को दिशानिर्देश जिसमें प्रयोग की क्रियाविधि हो, पहले से वितरित किए जा सकते है। विद्यार्थियों को जल के परीक्षण पर प्रयोग करने के लिए क्रियाविधि प्रदान की जा सकती है।

प्रयोग करने के दौरान शिक्षकों की भूमिका : शिक्षक विद्यार्थियों द्वारा वैज्ञानिक प्रकार से प्रयोगों को करने के लिए पहले से ही दिशानिर्देश प्रदान कर सकते है। शिक्षक प्रयोगों को करने के लिए क्रियाविधि बता सकते है। शिक्षक विद्यार्थियों को अध्ययन के उद्देश्य, वैज्ञानिक प्रकार से अध्ययन करने की विधि, वैज्ञानिक प्रकार से ऑकड़े इकट्ठा करने, प्रयोग के दौरान उन्हें क्या सावधानियां बरतनी चाहिए और प्रयोग करने से पहले की तैयारी के विषय में जागरूक कर सकते है।

विज्ञान और रसायन शास्त्र प्रयोगशाला की तैयारी और भौतिक वातावरण : प्रयोगशाला सहायक अथवा इससे सम्बन्ध शिक्षक विद्यार्थी के प्रयोगो के निर्धारित कालांश (पीरियड) से पहले सम्बंधित शिक्षक के निर्देशानुसार प्रयोगशाला की तैयारी कर सकते है जिससे प्रयोग को आसानी से करने के लिए आवश्यक सामग्री आसानी से प्राप्त हो जाए और अव्यवस्था उत्पन्न ना हो। काम करने वाली मेजें इस प्रकार से व्यवस्थित की जा सकती है जिससे विद्यार्थी समूह में कार्य कर सकें और समय नष्ट ना हो।

वातावरण : प्रयोगशाला में प्रयोगों को सामान्य नित्य क्रम के अनुसार किया जाए सकारात्मक, शान्त और सुखद कार्य वातावरण में। शिक्षक विद्यार्थियों को यह बता सकते है कि उन्हे विभिन्न ऑकड़े प्राप्त हो सकते है और त्रुटियो की भी उम्मीद की जा सकती है जिससे किसी भी विद्यार्थी मे कोई डर, चिंता या तनाव न हो और विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों की ओर प्रोत्षाहित किया जा सके।

कार्यक्रम के बारे मे जागरूकता : विद्यार्थियों को कार्यक्रम के प्रति जागरूक करने के लिए, स्कूल को स्कूल परिसर के भीतर एक पोस्टर लगाना चाहिए। पोस्टर को कागज/ कपड़े पर हाथ से चित्रित किया जा सकता है।

स्कूल **जल संरक्षण एवं जल की गुणवत्ता का निर्धारण** के स्थान पर स्थानीय भाषा में कोई आकर्षक शीर्षक चुन सकते है।

एसएमडीसी के सदस्यो और स्थानीय समुदाय के लोगों को कार्यक्रम के बारे मे अवगत कराया जाए और उन्हें अध्ययन के निष्कर्षों को साझा करने के लिए अंतिम दिन आमंत्रित किया जाए।

स्कूल स्तर पर निष्कर्षों को साझा करना: विद्यालय सभी स्तरों पर निष्कर्षों को व्यापक रूप से साझा कर सकते है जैसे कि नवीं से बारहवीं के अतिरिक्त अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों के साथ, अभिभावक, समुदाय इत्यादि के साथ। प्रत्येक स्कूल में किए गए जल परीक्षण प्रयोग के बारे में जानकारी साझा करना इस अध्ययन का महत्वपूर्ण पहलू है। यह विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्कूलों को महसूस करवाएगा कि उनके द्वारा किया गया अध्ययन महत्वपूर्ण है। ऐसी जानकारी निम्नलिखित प्रकार से साझा की जा सकती है:

1. विद्यार्थी अपने अनुभवों को अन्य विद्यार्थियों के साथ (कक्षा एक से आठ) साझा कर सकते हैं। साझा की गई जानकारी में निम्नलिखित बातों पर ध्यान देना चाहिए:
   i) यदि संभव हो तो प्रयोगों का प्रदर्शन
   ii) उनके अनुभव
   iii) उन्होनें क्या सीखा
   iv) किन कठिनाईयों का सामना करना पड़ा
   v) उन्होनें जल की गुणवत्ता के बारे में क्या जानकारी प्राप्त की
2. विद्यार्थी पूरे स्कूल के निष्कर्षों के बारे में आलेख तैयार कर सकते हैं और इसे कुछ स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित करा सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए प्रिंट मीडिया में अपना काम प्रकाशित होना काफी प्रोत्साहन वाला होगा और उनके माता पिता के लिए संतुष्टि की भावना लाएगा।
3. परिणामों को नगरपालिका या स्वच्छता या सार्वजनिक स्वास्थ्य इत्यादि के लिए जिम्मेदार अन्य निकायों के साथ भी साझा किया जा सकता है।
4. शिक्षक अध्ययन के बारे में राज्य के प्रशासकों और एन.सी.ई.आर.टी के साथ अपने अनुभव साझा करें। उन्हें सुधार के लिए सुझाव देने के लिए भी कहा जा सकता है।

जिला शिक्षा अधिकारी भी ऐसी व्यवस्था कर सकते हैं ताकि विद्यार्थी और शिक्षक ब्लाक के भीतर अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ अपने अनुभव साझा कर सकें।

एन.सी.ई.आर.टी के साथ निष्कर्षों का साझाकरण: स्कूल गूगल (Google) फार्म भर कर एन.सी.ई.आर.टी के साथ निष्कर्ष साझा करेंगे। इस फार्म को एन.सी.ई.आर.टी द्वारा प्रदान किए गए वेब लिंक से प्राप्त किया जा सकता है (https://bit.ly/2mhhZ9T) स्कूलों से अनुरोध है कि वह गूगल फार्म के साथ कार्यक्रम की कुछ तस्वीरें भेजे (तस्वीरों को स्मार्ट मोबाइल फॉन का उपयोग करके लिया जा सकता है)। स्कूल द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह – 2019 के संचालन की समाचार पत्रों में रिर्पोटों (यदि कोई हो) की कतरनों की तस्वीरें भी गूगल फार्म के साथ भेजी जा सकती है।

जल संरक्षण एवं जल की गुणवत्ता का निर्धारण **के लिए प्रक्रियाएँ**

सभी जीवों का एक बड़ा भाग जल से बना होता है। जल सभी जीवों का अस्तित्व बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण यौगिक है।

जल के नमूने का परीक्षण करने के लिए चार पैरामीटरों नामत: फोमिंग क्षमता, pH, जल की संपूर्ण क्षारता और जल में घुले हुए कुल ठोस पदार्थ की प्रक्रियाएँ आगे दी गई हैं। इन प्रक्रियाओं का उपयोग करके जल के दो से चार तक नमूनों का परीक्षण कर सकते हैं।

1. जल के नमूने एकत्र करना

एक साफ और सूखी काँच की बोतल लें जिसमें कॉर्क अथवा ढक्कन लगा हो। इसे दो-तीन बार नमूने के जल से धोकर इसमें नमूने का जल भर लें।

1. यदि जल नल से लेना हो तो जल भरने से पहले दो मिनट तक नल से जल को बहता रहने दें।
   नोट - 2 मिनट तक बहते हुए पानी को किसी बर्तन में इकट्ठा करके उसका उपयोग करे।
2. यदि जल स्त्रोत जैसे तालाब/ कुंआ इत्यादि से जल भरना हो तो अपने से बड़े व्यक्ति की निगरानी में जल भरे।

2. जल की फोमिंग क्षमता

परिचय

जल एक रंगहीन, गंधहीन और स्वादहीन द्रव होता है। यह अत्यधिक महत्त्वपूर्ण विलायक है। हमारे दैनिक जीवन में जल का एक महत्वपूर्ण उपयोग कपड़े धोने के लिए है। मृदु जल कपड़े धोने के लिए उपयुक्त होता है। यह साबुन के साथ झाग बनाता है और पृष्ठमल (Scum) नहीं बनता। यह विलेय कैल्शियम और मैगनीशियम लवणों से मुक्त होता है। लेकिन कैल्शियम और मैग्नीशियम के हाइड्रोजन कार्बोनेट, क्लोराइड और सल्फेट लवण की उपस्थिति जल को कठोर बनाती है। कठोर जल में साबुन का झाग नहीं बन पाता। कपड़ों को कठोर जल से धोना बहुत कठिन होता है क्योंकि अधिक साबुन की आवश्यकता होती है और पृष्ठ मल (Scum) बन जाता है जिसे आसानी से धोया नहीं जा सकता है। घर पर या उद्योगों

में कठोर जल उबालने से केतली, गर्म पानी के पाइपों, बॉयलरो और रेडिएटरों में कठोर जल से लवण जम जाते हैं। यह त्वचा को भी शुष्क बनाता है।

हमे क्या करना है?

जल की कठोर अथवा मृदु प्रकृति को गुणात्मक रूप से जानने के लिए कठोर जल एवं आसुत जल के नमूनों की साबुन से झाग बनाने की क्षमता की तुलना करनी है।

इसके पीछे विज्ञान

जब साबुन को जल में मिलाकर हिलाया जाता है तो झाग उत्पन्न होता है। साबुन से झाग बनने का कारण साबुन के अणु में हाइड्रोफिलिक और हाइड्रोफोबिक भागों की उपस्थिति होती है। कठोर जल में साबुन से झाग बनने की क्षमता कम हो जाती है। जब कठोर जल में साबुन मिलाया जाता है तो यह उपस्थित कैल्शियम और मैग्नीशियम लवणों के साथ अभिक्रिया करता है और पृष्ठमल अवक्षेपित हो जाता है जो अघुलनशील होता है और जल की सतह पर तैरने लगता है। पृष्ठमल साबुन की साफ करने की शक्ति और झाग बनने की क्षमता को कम कर देता है। परिणाम स्वरूप अधिक साबुन की आवश्यकता होती है। इसमें होने वाली रासायनिक अभिक्रियाएँ निम्नानुसार हैं:

$$\underset{\text{कैल्शियम हाइड्रोजन कार्बोनेट}}{Ca(HCO_3)_2(aq)} + 2\underset{\text{सोडियम स्टीयरेट (साबुन)}}{Na^+\text{-stearate (aq)}} \rightarrow \underset{\text{कैल्शियम स्टीयरेट (पृष्ठमल)}}{Ca(\text{stearate})_2(s)} + 2\underset{\text{सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट}}{NaHCO_3(aq)}$$

$$\underset{\text{कैलिश्य2मसल्फे(ट}}{CaSO_4(aq)} + 2\underset{\text{सोडियम स्टीयरेट (साबुन)}}{Na^+\text{-stearate (aq)}} \rightarrow \underset{\text{(पृष्ठमल)}}{Ca(\text{stearate})_2(s)} + \underset{\text{सोडियम सल्फेतट}}{2Na_2SO_4(aq)}$$

यहां जल के नमूने की झाग बनाने की क्षमता की तुलना आसुत जल की झाग बनाने की क्षमता से की जाएगी जिसमें कैल्शियम और मैग्नीशियम आयन उपस्थित नहीं होते। यदि नमूने के जल की झाग बनाने की क्षमता आसुत जल से कम है तो इसे आसुत जल की तुलना में कठोर जल माना जा सकता है। यह सम्भव है कि मध्यम कठोरता वाले जल में पृष्ठमल न दिखाई दें। चूंकि जल की कठोरता बढ़ने के साथ-साथ पृष्ठ मल की मात्रा भी बढ़ जाती है अत: झाग बनने की क्षमता कम हो जाती है। यह जानना महत्वपूर्ण है कि डिटरजेंट कठोर जल के साथ भी झाग देते हैं।

हमें क्या - क्या चाहिए?

- आसुत जल
- जल का नमूना (किसी भी ब्रांड का)
- नहाने का साबुन
- बीकर (50 mL) ---------- एक
- परखनली (15 mL) ---------- चार
- परखनली स्टैंड ---------- एक
- काँच की छड़ ---------- एक
- मापक सिलेंडर (50 mL) ---------- एक
- पैमाना स्केल ---------- एक
- भौतिक तुला तथा बाट पेटी

हम आगे कैसे बढें?

1. साबुन को छोटे टुकड़ों में काटें।
2. 1 ग्राम साबुन के टुकड़े लें और इन्हें 50 mL क्षमता वाले बीकर में रखें।
   नोट: *सभी छात्रों साबुन के एक ही नमूने के 1 ग्राम टुकड़ों का उपयोग करें। डिटर्जेंट का उपयोग न करें।*
3. बीकर में लिए गए साबुन के टुकड़ों को 20 mL आसुत जल में काँच की छड़ की सहायता से अच्छी तरह हिलाकर पूरी तरह से घोल लें। आवश्युक हो तो गरम करें। हमारा साबुन का घोल तैयार है।
   नोट: साबुन के घोल पुरी कक्षा के लिए अध्यापक बनाएँ। इसके लिए 5 साबुन के टुकड़ो को 250 बीकर मे लिए गए 100 आसुत जल मे धोलें। आवश्यअक हो तो गरम करें। यह धोल 4/5 छात्रों को 10 समुहो के लिए पर्याप्त: है।
4. एक परखनली स्टैंड लें और इसमें चार परखनलियाँ रखें और उन पर A, B, C, D लेबल लगाएं।



चित्र 1: *परखनलियों में साबुन का घोल मिला कर रखा गया आसुत जल और नमूने का जल*

5. परखनली 'A' एवं 'B' में 5-5 mL आसुत जल डालें तथा परखनली 'C' और 'D' में नमूने के जल के 5-5 mL डालें। सुनिश्चित कर लें कि सभी परखनलियों में स्तर एकसमान हो, यदि ऐसा न हो तो परखनली बदल लें।
6. प्रत्येक परखनली में 1 mL तैयार किया गया साबुन का घोल डालें (चित्र 1)।
7. परखनली 'A' लें और उसके मुंह पर अंगूठा रखकर इसे दस बार हिलाएं (चित्र 2)

चित्र 2: *परखनली को हिलाना*

8. परखनली हिलाकर, झाग बनायें (चित्र 2)। एक पैमाने की मदद से उत्पादित झाग की ऊंचाई तुरंत मापें (चित्र 3) और प्रेक्षण तालिका-1 में नोट करें।



चित्र 3: *आसुत जल और सामान्य जल में बने साबुन के झाग बनने की क्षमता की तुलना करना*

9. चरण 6 और 7 को परखनलियों 'B', 'C' और 'D' के साथ दोहराएं।

परिणाम

अवलोकनों से पता लगाएं कि साबुन सामान्य जल की तुलना में आसुत जल में अधिक झाग उत्पन्न करता है या नहीं। यदि सामान्य जल में उत्पादित झाग की ऊंचाई आसुत जल से कम है, तो इसका मतलब है कि नमूने का जल आसुत जल जितना मृदु नही है। अगर पृष्ठमल उत्पन्न होता है तो नमूने का जल कठोर है।

क्या सावधानी बरतनी है?

- आसुत जल और जल के नमूने के लिए साबुन के घोल की समान मात्रा का उपयोग करें। साबुन के घोल के स्थान पर डिटरजेंट के घोल का उपयोग न करें।
- साबुन का घोल तैयार करने के लिए आसुत जल का उपयोग करें।
- साबुन को जल में घोलते समय मिश्रण को ध्यान से हिलाएं जिससे वह फैले नहीं।
- सुनिश्चित कर लें कि साबुन आसुत जल में पूरी तरह से घुल गया हो।
- जल के सभी नमूनों में साबुन के घोल की समान मात्रा मिलाएँ।
- साबुन के नमूनों के टुकड़ों का द्रव्यमान भौतिक तुला का उपयोग करके बहुत सावधानी से ज्ञात किया जाना चाहिए। आवश्यक हो तो सहायक/शिक्षक से सहायता लें।
- ध्यान रखें कि जल के नमूनों का परीक्षण करने के लिए अलग-अलग परखनलियों का उपयोग किया जाए।
- प्रत्येक परखनली को बराबर बार और एक समान तरीके से हिलाएं।
- झाग बनते ही तुरंत इसकी ऊँचाई ज्ञात करें। केवल झाग की ऊँचाई नापे।
- प्रयोग शिक्षक/सहायक की उपस्थिति में करें।

3. जल की pH का परीक्षण

pH किसी विलयन की अम्लता अथवा क्षारीयता का मापक है। pH मान से विलयन मे उपस्थित हाइड्रोजन आयनों (H^+) की सापेक्ष मात्रा ज्ञात होती है यानी यह पता चलता है कि दिए गए विलयन में हाइड्रोजन आयनों की सांद्रता कितनी है। 298 K पर सामान्य जल की अथवा उदासीन विलयन की pH 7 होती है। आम तौर पर pH का पता लगाने के लिए सार्विक सूचक अथवा pH पेपर का उपयोग किया जाता है। सार्विक सूचक अलग-अलग pH पर अलग रंग दर्शाता है।

जल की pH जितनी कम होती है यह उतना अधिक अम्लीय होता है। जल की pH जितनी अधिक होती है, यह उतना ही अधिक क्षारीय होगा। 298 K पर उदासीन विलयन की pH 7 होती है। सतह के स्रोतों के जल की pH 6.5 से 8.5 के बीच होती है।

अम्लीय	उदासीन	क्षारीय
लाल	हरा	नीला

हमे क्या करना है?

pH पेपर का उपयोग करके विभिन्न स्रोतों के पानी के नमूने की pH ज्ञात करना।

इसके पीछे विज्ञान

सार्विक सूचक 0-14 pH रेंज के बीच अलग - अलग pH पर विशेष रंग परिवर्तन दर्शाता है। इसका उपयोग pH के गुणात्मक माप के लिए किया जाता है। कम pH पर, सार्विक सूचक लाल दिखाई देता है, और उच्च pH पर यह नीला दिखाई देता है। उदासीन pH पर यह हरा दिखाई देता है।

हमें क्या - क्या चाहिए?

- बीकर (100 mL) ---------- 04
- काँच / प्लास्टिक के ड्रॉपर ---- 04
- pH चार्ट --------- ----------01
- pH पेपर स्ट्रिप्स ---------- 04
- जल के नमूने ---------- 04

हम आगे कैसे बढ़े?

- एक ड्रॉपर का उपयोग करके नमूने के जल की एक बूंद pH पेपर / सार्विक सूचक पर डालें।

नोट: (i) जल के नमूने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला ड्रॉपर उसी नमूने से धोया जाना चाहिए जिसका pH ज्ञात करना है।

(ii) pH पेपर सफेद टाइल / कागज पर रखा होना चाहिए।

- pH पेपर पर जल डालने से दिखाई देने वाले रंग की तुलना pH चार्ट पर दिए गए रंग से करके pH ज्ञात करें।
- आपके पास मौजूद अन्य नमूनों के लिए चरण 1 और 2 को दोहराएं।

हम क्या देखते हैं?

प्रेक्षण तालिका-2

क्रं. सं.	जल का नमूना			नमूने के जल से भीगे pH पेपर का रंग	pH
	स्रोत	रंग	गंध		
1.					
2.					
3.					
4.					

क्या सावधानियाँ बरतनी है?

- नमूने के जल को पी कर स्वाद कभी न लें।
- परीक्षण के लिए स्वच्छ परखनलियों का प्रयोग करें।
- प्रयोग शिक्षक के देखरेख में किया जाना चाहिए।
- नमूने के जल के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला ड्रापर उस नमूने के जल से धोया जाना चाहिए जिसका pH ज्ञात करना है।

4. जल की संपूर्ण क्षारीयता का परीक्षण

यह प्रयोग विशेषकर कक्षा XI और XII के विद्यार्थियों के लिए है। यद्यपि कक्षा IX और X के विद्यार्थी भी कक्षा XI और XII के विद्यार्थियों के साथ मिलकर यह प्रयोग कर सकते हैं।

परिचय

क्षारीयता, अम्ल को निष्प्रभाव करने की जल की क्षमता का माप है। प्राकृतिक जल में अम्ल आमतौर पर वर्षा, हिमपात, मृदा स्रोत और औद्योगिक विर्सजन से आता है। प्राकृतिक जल की क्षारीयता मुख्य रूप से दुर्बल अम्लों के लवणों की उपस्थिति के कारण होती है हालांकि चरम परिस्थितियों में प्रबल क्षार (OH-) भी योगदान दे सकतें हैं। प्राकृतिक जल में बाइकार्बोनेट क्षारीयता का प्रमुख कारण होते है। इसका स्रोत वातावरण से CO_2 का निकल कर चट्टानों और मृदा में उपस्थित कार्बोनेट खनिजों का क्षरण करना है। दुर्बल अम्लों और क्षारों के अन्य लवण जैसे बोरेट, सिलिकेट, अमोनियम लवण, फॉस्फेट, इत्यादि भी कम मात्रा में उपस्थित हो सकते हैं।

अत्यधिक अम्लीय और क्षारीय जल को हानिकारक माना जाता है। जल की क्षारीयता का ज्ञान आवश्यक होता है क्योंकि:

1. यह जानकारी प्रदान करता है कि वह स्रोत अम्ल मिलने के प्रति, जैसे कि अम्ल वर्षा द्वारा कितना संवेदनशील होगा।
2. कठोर जल को मृदु बनाने के लिए अवक्षेपण विधियों का उपयोग किया जाता है। अवक्षेपण के लिए आवश्यक चूने, $Ca(OH)_2$, और सोडाक्षार, Na_2CO_3 की मात्रा की गणना करने के लिए जल की क्षारता को जानना आवश्यक होता है।
3. लोहे से बने पाइप सिस्टम में संक्षारण को नियंत्रित करने के लिए क्षारीयता को जानना आवश्यक है।
4. जीवों के जैविक तंत्र विशेष जलीय जीवन में 6.0 से 9.0 pH रेंज में सबसे अच्छा काम करते हैं। क्षारीयता महत्वपूर्ण होती है क्योंकि यह तेजी से होने वाले pH परिवर्तनों के प्रति बफर का कार्य करती है।
5. क्षारीयता को परिपाटी के अनुसार $CaCO_3$ के mg/L रूप में प्रदर्शित किया जाता है क्योंकि अधिकांश क्षारीयता कार्बोनेट खनिजों के क्षरण के कारण आती है।

हमें क्या करना है?

हमें दैनिक उपयोग में आने वाले जल की क्षारीयता का पता लगाना है।

इसके पीछे विज्ञान

सोडियम, पोटेशियम, कैल्शियम या मैग्नीशियम के कार्बोनेट, बाइकार्बोनेट या हाइड्रॉक्साइड के रूप में एक या अधिक घुलनशील लवण की उपस्थिति के कारण प्राकृतिक जल क्षारीय हो जाता है। जल की क्षारीयता के आकलन के लिए, जल के नमूने की एक ज्ञात मात्रा मानक अम्ल (जैसे कि 0.1M HCl) के साथ मेथिल ऑरेन्ज सूचक का उपयोग करके अनुमापन द्वारा ज्ञात की जाती है। अंत बिंदु पर सूचक का रंग पीले रंग से गुलाबी में बदल जाता है।

रासायनिक प्रतिक्रियाएं

(ए) कार्बोनेट के लिए:

$$K_2CO_3 + 2HCl \rightarrow 2KCl + H_2O + CO_2$$
$$Na_2CO_3 + 2HCl \rightarrow 2NaCl + H_2O + CO_2$$

(बी) बाइकार्बोनेटों के लिए:

$$Mg(HCO_3)_2 + 2HCl \rightarrow MgCl_2 + 2H_2O + 2CO_2$$
$$Ca(HCO_3)_2 + 2HCl \rightarrow CaCl_2 + 2H_2O + 2CO_2$$
$$NaHCO_3 + HCl \rightarrow NaCl + H_2O + CO_2$$

(सी) हाइड्रॉक्साइड के लिए:

$$NaOH + HCl \rightarrow NaCl + H_2O$$
$$KOH + HCl \rightarrow KCl + H_2O$$

हमें क्या - क्या चाहिए?

(क) उपकरण:

- ब्यूरेट् ---------- एक
- पिपेट (25 मिलीलीटर) ---------- एक
- मापक फ्लास्क (100 मिलीलीटर) ----------एक
- वॉच ग्लास ---------- एक
- कीप ---------- एक
- धावन बोतल ---------- एक
- शंक्वाकार (कोनिकल) फ्लास्क (250 मिलीलीटर)----- एक
- ब्यूरेट् स्टैंड .---------- एक

(ख) रसायन:

- सोडियम कार्बोनेट,
- हाइड्रोक्लोरिक अम्ल,
- आसुत जल,
- मेथिल ऑरेंज सूचक
- जल का नमूना

हमें कैसे आगे बढे?

(क) सोडियम कार्बोनेट के 0.1 एम मानक विलयन बनाना

0.1 एम Na_2CO_3 मिश्रण तैयार करने के लिए, Na_2CO_3 (मोलर द्रव्यमान 106 ग्राम/मोल) के 10.6 ग्राम एक लीटर में मिलाया जाना चाहिए। इसलिए सोडियम कार्बोनेट का 100 mL विलयन बनाने के लिए Na_2CO_3 के 1.0600 ग्राम पहले वॉल्यूमेट्रिक फ्लास्क में लिया जाता है और जल की न्यूनतम मात्रा में घोला जाता है। फिर धावन बोतल से आसुत जल मिलाकर 100 मिलीलीटर तक पतला कर दिया जाता है।

(ख) मानक सोडियम कार्बोनेट के खिलाफ इसे टाइट्रेट करके हाइड्रोक्लोरिक एसिड के मिश्रण का मानकीकरण

i) अभिकर्मक ग्रेड HCl की सांद्रता लगभग 36% (11.56 एम) होती है। इससे लगभग 1.0 M सांद्रता का HCl बनाने के लिए इसके 8.6 mL को आसुत जल मिलाकर 1.0 L तक तनुकृत कर ले। तनुकृत HCl विलयन को कीप की सहायता से ब्यूरेट में भर लें। ब्यूरेट को ब्यूरेट स्टैंड पर खड़ा करें। ब्यूरेट के प्रारंभिक पाठ्यांक को नीचे तालिका-3 में रिकोर्ड करें

प्रेक्षण तालिका-3

क्रं.सं.	सोडियम कार्बोनेट विलयन का आयतन (V_2) (mL)	ब्यूरेट् रीडिंग		प्रयुक्त हुए अम्ल के विलयन का आयतन (V_1) (mL)
		प्रारंभिक पाठ्यांक	अंतिम पाठ्यांक	
	सुसंगत पाठ्यांक			

ii) मानक सोडियम कार्बोनेट विलयन के 10 mL को सावधानीपूर्वक पिपेट से मापकर एक साफ शंक्वाकर फ्लास्क में भरें। मेथिल ऑरेंज सूचक की दो से तीन बूंदे फ्लास्क में डालें। विलयन का रंग पीला हो जाएगा।

iii) विलयन को लगातार हिलाते हुए तब तक अनुमापन करें जब तक विलयन का रंग पीले से गुलाबी न हो जाएं। ब्यूरेट का अंतिम पाठ्यांक तालिका-1 में रिकोर्ड करें।

iv) कम से कम तीन सुसंगत पाठ्यांक प्राप्त करने के लिए अनुमापन को दोहराएं।

HCl के मानकीकरण से सम्बंधित रासायनिक अभिक्रियाएँ:

$Na_2CO_3 + 2HCl \longrightarrow 2NaCl + H_2O + CO_2$

$(a_2 = 2)$ $(a_1 = 1)$

अम्ल		**क्षार**
$a_1 M_1 V_1$	=	$a_2 M_2 V_2$
$a_1 = 1$	;	$a_2 = 2$

जहां a_1 = HCl की क्षारीयता = 1

तथा $a_2 = Na_2CO_3$ की अम्लता = 2

$$M_1 = \frac{2 M_2 V_2}{V_1}$$

(ग) कुल क्षारीयता का निर्धारण

i) शंक्वाकार फ्लास्क में नमूने के जल के 50 mL लेकर उसमें मेथिल ऑरेंज सूचक की 2-3 बूंदे डालें। विलयन का रंग पीला हो जाएगा। इस विलयन को मानक HCl विलयन द्वारा तब तक अनुमापित करे जब तक विलयन का रंग पीले से बदलकर गुलाबी न हो जाए। प्रेक्षण तालिका -3 में प्रारंभिक और अंतिम पाठ्यांक दर्ज करें।

ii) कम से कम तीन सुसंगत पाठ्यांक प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया दोहराएं।

सामान्य जल		**मानक एसिड**
$a_3 M_3 V_3$	=	$a_4 M_1 V_4$

यहाँ $a_3 = 1$; $a_4 = 2$

जहां a_3 = HCl की क्षारीयता = 1

तथा $a_4 = CaCO_3$ की अम्लता = 2

$$1 \times M_3 \times 50 = 2 \times M_1 \times V_4$$

$$M_3 = \frac{2 \times M_1 \times V_4}{50}$$

हम जानते हैं की

i) $CaCO_3$ का मोलर द्रव्यमान= 100 g/ mol;

ii) 1 g = 1000 mg;

iii) सांद्रता = नमूने के जल की मोलरता X- $CaCO_3$ का मोलर द्रव्यमान

iv) सांद्रता की इकाई = mg/L या parts per million (ppm);

जल के नमूने की कुल क्षारीयता

$= M_3 \times 100 \times 1000$ mg/ L

$= M_3 \times 100000$ ppm

हम क्या निष्कर्ष निकालते हैं?

सामान्य जल की कुल क्षारीयता _____ mg/ L (or ppm) है।

प्रेक्षण तालिका- 4

क्रं.सं.	नमूने के जल का आयतन = V3 mL	ब्यूरेट् रीडिंग		प्रयुक्त HCl विलियन का आयतन= V4 mL
		प्रारंभिक पाठ्यांक	अंतिम पाठ्यांक	
	समेकित पाठ्यांक			

क्या सावधानी बरतनी है?

i) ब्यूरेट पिपेट और शंक्वाकार फ्लास्क को उस विलयन से प्रक्षालित कर ले जिसे इनमें लेना है।

ii) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल और सोडियम कार्बोनेट अत्यधिक संक्षारक होते हैं इसलिए इनका उपयोग सावधानीपूर्वक करें।

iii) अम्ल को तनुकृत करने के लिए अम्ल की थोड़ी-थोड़ी मात्रा जल को हिलाते हुए उसमें मिलानी चाहिए। अम्ल में जल कभी नही डालना चाहिए।

iv) रीडिंग नोट करने के लिए विलयन के निचले मेनस्कस का पाठ्याँक पढ़ना चाहिए।

v) विलयन को बनाने का कार्य और अम्ल को तनुकृत करने का कार्य अध्यापक की उपस्थिति में करना चाहिए।

vi) यदि पिपेट उपलब्धे न हो तो ब्यूरेट का प्रयोग करें।

5. जल में घुले हुए कुल ठोस पदार्थ

परिचय - जल में घुले हुए ठोस पदार्थों की कुल मात्रा (TDS) कार्बनिक और अकार्बनिक पदार्थों की सान्द्रता का संकेत देती है। TDS जल की गुणवत्ता का संकेत देती है। जल में घुले हुए ठोस पदार्थ जल के स्वाथद पर असर डालते है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) में TDS के लिए निम्नरलिखित संकेत दिये है।

जल में घुली ठोस मात्रा mg/L	गुणवत्ता
300 से कम	अतिउत्तम
300-600	उत्तम
600-900	संतोषजनक
900-1200	अनुपयुक्त
1200 से ज्यादा	अस्वीकार्य

यद्पि TDS की बहुत कम मात्रा अस्वीककारीय होती है क्योंघकि इससे जल स्वाद रहित हो जाता है। TDS की अत्याकधिक मात्रा भी अस्वीकारीय होती है क्योंकि यह कठोरता के कारण हो सकती है तथा यह स्नान के पाइपों और बायलर में एक परत के रूप में दृढ़तापूर्वक जम जाती है।

हमें क्या करना चाहिए

हमें विभिन्न स्रोतों से इकट्ठे किए गए जल के नमूनों का TDS ज्ञात करना है।

इसके पीछे विज्ञान

छने हुए जल के ज्ञात आयतन को सम्पूर्णत: वाष्पित किया जाता है। बचा हुआ पदार्थ जल में घुले हुए ठोसों की कुल मात्रा की सान्द्रता बताता है।

आवश्याक सामग्री

- नमूने के वाष्पगण के लिए पात्र/ बीकर
- मापक सिलिंडर
- कीप
- निस्यंदन पत्र
- गर्म करने के लिए साधन
- तोलने का तराजू

हमें क्या करना है

1. पहले खाली या सूखे पात्र को तौलें।
2. इस पात्र में निस्यपन्त्रित जल के200-250 mL डालें
3. पात्र / बीकर को गर्म करके जल का सम्पू0र्ण वाष्प ण करें
4. पात्र को अवशेषों सहित ठंडा करने के पशचात तुरन्तव तौलें

हमने क्याा देखा

1. नमूने का आयतन = VmL
2. खाली पात्र/ बीकर का भार = Xg
3. पात्र/ बीकर का अवशेष सहित भार = Yg

   घुले हुए ठोस की कुल मात्रा (mg/L) = $\frac{(Y - X)}{V} \times 10^6$

सावधानियाँ

1. प्रयोग के लिए सूखा तथा साफ पात्र/ बीकर का उपयोग करें।
2. जल के सम्पूिर्ण वाष्पपण्ा्रेपत् पात्र / बीकर का अधित गर्म ना करें।

उक्त क्रियाकलाप से हमें क्या निष्कर्ष प्राप्त होता है?

उपरोक्त क्रियाकलापों के परिणामों के आधार पर तालिका -5 में जल का प्रयोग किन कार्यों के लिये किया जा सकता है में आगे × अथवा √ का चिन्ह लगायें।

तालिका - 5

क्र. सं.	कार्य	नमूना 1	नमूना 2	नमूना 3	नमूना 4
1.	पीने के लिये				
2.	खाना बनाने में				
3.	कपड़े धोने के लिये				
4.	बर्तन धोने में				
5.	पौधे के लिये				
6.	बागवानी में				
7.	अन्य				

विस्तारित अधिगम

राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह -2019 के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा जनसाधारण में चेतना जागृत करने हेतु विद्यालय, विशेषज्ञों द्वारा जल संरक्षण एवं जल की गुणवत्ता से संबधित विचार विमर्श गोष्ठी, चर्चा तथा या भाषण आदि आयोजन कर सकते है।

उपरोक्त परीक्षणों के अलावा विद्यालय निकट के उच्च शिक्षा संस्थानों के संकाय की सहायता से जल के नमूनों की कुछ अन्यपैरामीटरों पर परीक्षण सम्मिलित कर सकते हैं। विद्यार्थियों के कुछ समूह जल संरक्षण एवं जल की गुणवत्ता के विषय में अन्वेषणात्मक परियोजना ले सकते है।

अध्ययन के परिणाम की रिपोटिंग

चयनित स्कूल के कक्षा IX से XII के सभी छात्रों को पानी के विभिन्न स्त्रोतों का उपयोग करके अध्ययन **' जल संरक्षण एवं जल की गुणवत्ता का अध्ययन'** करना है। जल के प्रत्येक स्त्रोत के लिए , परीक्षण के चार मानकों के लिए स्कूल के सभी छात्रों द्वारा प्राप्त परिणामों को एकत्रित किया जाना चाहिए। स्कूल के सभी छात्रों द्वारा प्राप्त मूल्यों का औसत,जल के स्त्रोत के परीक्षण के प्रत्येक पैरामीटर के लिए गणना की जानी चाहिए।

राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह-2019 के दौरान किए गए **'जल संरक्षण एवं जल की गुणवत्ता का अध्ययन'** के अध्ययन के परिणामों का औसत प्रत्येक स्कूल द्वारा निम्नलिखित लिंक पर गूगल फॉर्म (Google form) में विवरण भरकर रिपोर्ट किया जाना है:

https://bit.ly/2mhhZ9T

गूगल फॉर्म पर विवरण भरने के लिए एक जी-मेल (gmail) की आई डी की आवश्यकता होगी। इसके लिए स्कूल की एक नई जी-मेल (gmail) आईडी बनाई जा सकती है अन्यथा स्कूल या किसी शिक्षक की पहले से बनी हुई जी-मेल (gmail) आईडी का प्रयोग किया जा सकता है।

विधिवत भरे गूगल (Google) फॉर्म को राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह-2019 के आचरण के पंद्रह दिनों के भीतर जमा करना होगा। सभी स्कूलों द्वारा जमा किए गए परिणाम डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी द्वारा एकत्रित करके, विश्लेषण और साझा किए जाएंगे।

गूगल फॉर्म भरने के लिए प्रकिया

गूगल फॉर्म भरना बहुत आसान है। गूगल फॉर्म भरने से पहले स्कूल का गूगल खाता होना आवश्याक है।

1. गूगल खाता खोलने के पश्चात आप कोई भी ब्राउजर खोल सकते है और उसमें निम्नेलिखित URL लिखें।

   https://bit.ly/2mhhZ9T

2. यह लिंक आपको नीचे दिखाये हुए पेज पर ले जाएगा, जहाँ आपको अपना जीमेल (Gmail) का आईडी लिखना होगा।



3. जब आप 'NEXT' पर क्लिक करेंगे तो अगला पेज खुलेगा। इस पेज पर आप आपने स्कूल का विवरण भरेंगे। स्टार (*) से चिन्हित स्थान को भरना अनिवार्य है। अन्यथा आप अगले पेज पर नहीं पहुँच पाएंगे।



4. आप कभी भी 'BACK' बटन दबाकर डेटा को बदलने/सही करने के लिए वापस जा सकते है। अन्यगथाआगे जाने के लिए 'NEXT' पर क्लिक करें। अगले पृष्ठै पर विद्यार्थियों द्वारा झाग बनने की क्षमता के ऑकड़ों का औसत भरें। आप जल के 4-नमूनों तक के परिणाम भर सकते है।



EXPERIMENT 1 - Foaming Capacity of Water

How many students from class IX performed this experiment? *

Your answer

How many students from class X performed this experiment? *

Your answer

How many students from class XI performed this experiment? *

Your answer

How many students from class XII performed this experiment? *

Your answer

Besides distilled water, how many different water samples were used for this experiment? *

1	2	3	4
○	○	○	○

What are the different water samples used in this experiment?

	water from pond/lake	water from river	bottled mineral water	underground water (well/handpump)	supply Water	rain water	spring water	any other source
Sample 1	○	○	○	○	○	○	○	○
Sample 2	○	○	○	○	○	○	○	○
Sample 3	○	○	○	○	○	○	○	○
Sample 4	○	○	○	○	○	○	○	○

Height (in cm) of foam column in distilled water is *

Your answer

Height (in cm) of foam column in water sample 1 is *

Your answer

Height (in cm) of foam column in water sample 2 is

Your answer

Height (in cm) of foam column in water sample 3 is

Your answer

Height (in cm) of foam column in water sample 4 is

Your answer

BACK NEXT

Page 3 of 7

Never submit passwords through Google Forms.

5. 'NEXT' क्लिक करने पर निम्निपृष्ठ् खुलेगा जहॉ आपको दूसरे प्रयोग के परिणाम भरने होगें।



EXPERIMENT 2 - Testing the pH of Water

How many students from class IX performed this experiment? *

Your answer

How many students from class X performed this experiment? *

Your answer

How many students from class XI performed this experiment? *

Your answer

How many students from class XII performed this experiment? *

Your answer

Besides distilled water, how many different water samples were used for this experiment? *

1	2	3	4
○	○	○	○

What are the different water samples used in this experiment?

	water from pond/lake	water from river	bottled mineral water	underground water	supply Water	rain water	spring water	any other source
Sample 1	○	○	○	○	○	○	○	○
Sample 2	○	○	○	○	○	○	○	○
Sample 3	○	○	○	○	○	○	○	○
Sample 4	○	○	○	○	○	○	○	○

pH of distilled water is *

Your answer

pH of water sample 1 is *

Your answer

pH of water sample 2 is

Your answer

pH of water sample 3 is

Your answer

pH of water sample 4 is

Your answer

BACK NEXT Page 4 of 7

Never submit passwords through Google Forms.

6. 'NEXT' पर क्लिक करने से निम्नमलिखितपृष्ठ खुलेगा जहॉ आपको तीसरे प्रयोग के परिणाम भरने होंगे।



EXPERIMENT 3 - Testing Total Alkalinity of Water

How many students from class IX performed this experiment? *

Your answer

How many students from class X performed this experiment? *

Your answer

How many students from class XI performed this experiment? *

Your answer

How many students from class XII performed this experiment? *

Your answer

Besides distilled water, how many different water samples were used for this experiment? *

1	2	3	4
○	○	○	○

What are the different water samples used in this experiment?

	water from pond/lake	water from river	bottled mineral water	underground water	supply Water	rain water	spring water	any other source
Sample 1	○	○	○	○	○	○	○	○
Sample 2	○	○	○	○	○	○	○	○
Sample 3	○	○	○	○	○	○	○	○
Sample 4	○	○	○	○	○	○	○	○

Total alkalinity (in mg/L or ppm) of water sample 1 is *

Your answer

Total alkalinity (in mg/L or ppm) of water sample 2 is

Your answer

Total alkalinity (in mg/L or ppm) of water sample 3 is

Your answer

Total alkalinity (in mg/L or ppm) of water sample 4 is

Your answer

BACK NEXT

Page 5 of 7

Never submit passwords through Google Forms.

7. 'NEXT' पर क्लिक करने से निम्नमलिखितपृष्ठ खुलेगा जहॉ आपको चौथे प्रयोग के परिणाम भरने होंगे।



EXPERIMENT 4 - Testing Total Dissolved Solids in Water

How many students from class IX performed this experiment? *

Your answer

How many students from class X performed this experiment? *

Your answer

How many students from class XI performed this experiment? *

Your answer

How many students from class XII performed this experiment? *

Your answer

Besides distilled water, how many different water samples were used for this experiment? *

1	2	3	4
○	○	○	○

What are the different water samples used in this experiment?

	water from pond/lake	water from river	bottled mineral water	underground water	supply Water	rain water	spring water	any other source
Sample 1	○	○	○	○	○	○	○	○
Sample 2	○	○	○	○	○	○	○	○
Sample 3	○	○	○	○	○	○	○	○
Sample 4	○	○	○	○	○	○	○	○

TDS (in mg/L or ppm) in water sample 1 is *

Your answer

TDS (in mg/L or ppm) in water sample 2 is

Your answer

TDS (in mg/L or ppm) in water sample 3 is

Your answer

TDS (in mg/L or ppm) in water sample 4 is

Your answer

BACK NEXT Page 6 of 7

Never submit passwords through Google Forms.

8. इस पृष्ठि पर आप राष्ट्री□आविष्कार् सप्ता◌ाह2019 आयोजित करने के अपने अनुभव को साझा करें। आप अपने स्कू लमें आयोजित राष्ट्री□आविष्कार् सप्ता◌ाह2019 की तस्वीरेंभी अपलोड करें।



9. अब 'SUBMIT' बटन पर क्लिक करने के बाद आपको निम्न लिखितसंदेश प्राप्ते होगा। जिससे यह पुष्टो होगा कि आपका फॉर्म सफलता पूर्वक जमा हो गया है।

डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम

अवुल पकिर जैनुलाबदीन अब्दुल कलाम, जो भारत के महान राष्ट्रपति पद की ऊचाँइयो तक पहुचे, का जन्म तमिलनाडु में रामेश्वरम के छोटे से गॉव में 15 अक्टूबर, 1931 को हुआ था। डॉ. कलाम जुलाई 2002 में भारत के 11वें राष्ट्रपति के रूप में चुने गयें। स्व. डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जो भारत के एक आदर्श राष्ट्रपतियों में से एक थे, वह ना केवल भारत के 'मिसाइल मैन' थे अपितु 'जनता के राष्ट्रपति' के रूप में भी जाने जाते थे। मध्यमवर्गीय परिवार से होने के कारण बचपन में परिवार की सहायता के लिए समाचार पत्र का वितरण करते थे और अत्यधिक कठिन अवस्थाओं में भी उन्होने अपनी पढ़ाई जारी रखी तथा भारत के प्रमुख अंतरिक्ष और मिसाइल वैज्ञानिक बने। इस देश की यह महानता है कि एक समाचार वितरित करने वाला बालक भी भारत राष्ट्रपति बन सकता है।

राष्ट्रपति रहते हुए उन्होनें समभाव से युवाओं और बुजुर्गों को सम्बोधित करते हुए भारत के विषय में अपने सपनों को साझा किया। डॉ. कलाम समाज को टेक्नोलॉजी के माध्यम से बदलने के लिए अति उत्साहित थे, विशेषकर भारत के युवको को विज्ञान और तकनीकी का इस्तेमाल करके मानव कल्याण के लिए प्रोत्साहित करना चाहते थे। डा. कलाम अपनी उपलब्धियो के बावजूद हमेशा एक शिक्षक के रूप में याद किया जाना चाहते थे। ए.पी.जे. अब्दुल कलाम 27 जुलाई 2015 की संध्या को आई.आई.एम शिलांग में एक सभा को एक अध्यापक के समान सम्बोधित कर रहे थे तभी उनका देहांत हो गया।

स्त्रोत: http://pibmumbai.gov.in/English/PDF/E2015_FR44.PDF

दिशानिर्देश विकास समिति

सदस्य

ए. के. वझलवार, *आचार्य*, डी.ई.के, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

सुनीता फरक्या, *आचार्य*, वनस्पति शास्त्र, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

आर. के. पाराशर, *आचार्य*, रसायन, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

अल्का मेहरोत्रा, *आचार्य*, रसायन, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

अंजनी कौल, *आचार्य*, रसायन, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

रचना गर्ग, *आचार्य*, भौतिकी, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

शशि प्रभा, *आचार्य*, भौतिकी, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

गगन गुप्त, *सह-आचार्य*, भौतिकी, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

रूचि वर्मा, *आचार्य*, रसायन,डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

सी. वी. शिमरे, *सह-आचार्य*, जन्तु शास्त्र, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

टी. पी. शर्मा, *आचार्य*, गणित, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

पुष्प लता वर्मा, *सह-आचार्य*, जन्तु शास्त्र, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

रेज़ाउल करीम बड़भुईया, *सहायक आचार्य*, कम्प्यूटर शिक्षा, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

ए. के. श्रीवास्तव, *सहायक आचार्य*, भौतिकी, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

सदस्य समन्वयक

दिनेश कुमार, *आचार्य* , डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

प्रमिला तंवर, *सह-आचार्य*, रसायन, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

समीक्षा समिति

लियोलो एपोन, सहायक मिशन निदेशक समागम, नागालैंड, कोहिमा

सुषमा त्रिकत्री, स्कूल शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम

डॉ मनजीत कौर, मिशन समन्वयक, समागम शिक्षा, स्कूल शिक्षा निदेशक, सेक्टुर 9, चंडीगढ़

आर जया राम, व्याख्याता (गणित और विज्ञान विभाग), एससीईआरटी, आंध्र प्रदेश

एल चंद्रकुमार, राज्य समन्वयक, समागम शिक्षा, मणिपुर

डॉ एच.बी. चंद्र शेखर, SAD, DSERT, बेंगलुरु

देवेंद्र सिंह चौहान, जिला परियोजना अधिकारी (ISSE) सह प्राचार्य DIET ऊना, हिमाचल प्रदेश

एम वासु, संयुक्त निदेशक एन.एस.एस., स्कूल शिक्षा निदेशक, चेन्नई

मोहिंदर सिंह, सहायक निदेशक एस.सी.ई.आर.टी., पंजाब

डॉ विजय सारदा, एसोसिएट प्रोफ़ेसर (सेवानिवृत्त), जाकिर हुसैन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

सुनील बजाज, उप निदेशक, एस.सी.ई.आर.टी., गुरुग्राम (हरियाणा)

सुखविंदर, पीजीटी, फरीदाबाद

डॉ मधुप कुमार, विषय विशेषज्ञ, एससीईआरटी, गुरुग्राम (हरियाणा)

डॉ अमित कुमार वर्मा, जैव विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली

कमलेश कुमार, निदेशक शिक्षा, अंडमान और निकोबार

डॉ सुषमा के सेतिया, शिक्षा उप निदेशक (विज्ञान), शिक्षा निदेशक, जीएनसीटी दिल्ली

जय सेठी, शिक्षा निदेशक, दिल्ली

के एज़िल कैलपाना, प्रिंसिपल, गर्वनमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, पुडुचेरी

सुमन नैन, संयुक्त निदेशक, एस.सी.ई.आर.टी., गुरुग्राम (हरियाणा)

मनीषा रामचंद्र भडोंग, प्रोफेसर, स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन, नागपुर, महाराष्ट्र

प्रीति मिश्रा, एसआरजी, जेसीईआरटी, रांची

राजेंद्र कुमार, टीजीटी, शिक्षा विभाग, सोनीपत

डॉ वेद प्रकाश आर्य, RIE, अजमेर

सी एच ए रमुली, प्रोफ़ेसर (वनस्पति विज्ञान), RIE, भुवनेश्वर

लोकेंद्र सिंह चौहान, डीईएसएम, RIE, भोपाल

हिन्दी अनुवादक

अल्का ग्रोवर, *आचार्य*, रसायन, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

आर. के. पाराशर, *आचार्य*, रसायन, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

एम. सी. भट्ट, *यू.डी.सी*, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

सहायक कर्मचारी - वर्ग

सृष्टि सिंह, *जूनियर प्रोजेक्ट फैलो*, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

रोमियो खोंगबंटबाम, *जूनियर प्रोजेक्ट फैलो* , डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

कनिका वलेचा, *डी.टी.पी*, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

अंकित शर्मा, *कंप्यूटर टाइपिस्ट*, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

Guidelines for Rashtriya Avishkar Saptah 2019

INTRODUCTION

Science, Technology and Innovation have emerged as the major drivers of national development globally. To make learning of Science and Mathematics a joyful and meaningful activity; to nurture a spirit of inquiry and creativity; to bring focus on innovation and use of technology,Ministry of Human Resource Development (MHRD), Government of India have set up Rashtriya Avishkar Abhiyan (RAA).

At Secondary and Higher Secondary Stages of school education, systematic experimentation as a tool and working on locally significant projects involving science and technology are important parts of curriculum. In order to encourage school students for exploration and innovation, it is extremely important to engage them in experimentation.

Under PAB programme of MHRD, Government of India, it is proposed by Department of Education in Science and Mathematics (DESM), National Council of Educational Research and Training (NCERT), New Delhi that the third week of October, that is, 14th October to 21st October 2019 (October being the month of late Dr APJ Abdul Kalam's birth anniversary) may be declared as 'Rashtriya Aavishkar Saptah - 2019'. During this week, all students at Secondary and Higher Secondary Stages, from few schools of each block across the country, will uniformly carry out a study involving experimentation as per the Guidelines developed by NCERT. These experiments may be conducted within the periods allocated for laboratory work with in the school time table.

